तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

11 डीजी हेल्थ ने जींद- नरवाना अस्पताल का किया निरीक्षण



11 विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित



## मंत्री रणबीर गंगवा ने बैठक में दिए सख्त निर्देश

# सभी सड़कों को 15 जून से पहले दुरुस्त करें पीडब्ल्यूडी के अधिकारीः लोक निर्माण मंत्री

### हर घर में नल, हर नल में जल के तहत हर व्यक्ति को पानी उपलब्ध करवाएं

लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में पहुंचें मंत्री, लोगों ने बताई समस्याएं, मौके पर ही दिया समस्याओं के समाधान का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 15 जून से पहले सभी खराब हालत की सड़कों की मुरम्मत सुनिश्चित करें। निर्माण एजेंसियों द्वारा निर्माण के बाद भी उनका रख-रखाव करें। वहीं जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर में नल व हर नल में स्वच्छ जल की नीति के तहत हर व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही बारिश से पहले सभी सीवरेज व नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें। इन कार्यों में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीवन में दूषित पेयजल आपूर्ती की शिकायत पर अधीक्षक अभियंता को दो दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए, ताकि दोषी कर्मचारी या अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। मंत्री रणबीर गंगवा शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में दोनों विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां कैथल पहंचते ही विभागों के आला अधिकारियों सहित जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़ व अन्य लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं।



कैथल। जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा का स्वागत करते भाजपाई।

बाद में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक में मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने जिले में सड़कों की स्थिति को लेकर रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि जो भी सड़कें किसी एजेंसी द्वारा बनाने के बाद जितनी अवधि तक उन्हें उस एजेंसी द्वारा ठीक रखा जाना है, डीएलपी के तहत आने वाली ऐसी 1950 किलोमीटर लंबी सड़कों की मुरम्मत सुनिश्चित करवाई जाए। इसके अलावा उन्होंने उन सड़कों की भी जानकारी ली, जिनमें काम चल रहा है या फिर टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंत्री ने कहा कि निमार्णाधीन सड़कों के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। सड़कों के निर्माण में गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए। यदि गुणवता में कहीं कोई कमी पाई जाती है तो जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ठेकेदारों के कार्यो को अधिकारी समय-समय पर चैक करते रहें। यदि किसी एजेंसी का कार्य ठीक नहीं है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। सड़कों में गड्डों या फिर किसी अन्य विभागीय कमी से किसी की जान न जाए। अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि सड़कों की हालत ठीक रहे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भी विधानसभा में छह माह में सभी सड़कों के दुरुस्त करने की बात कही थी। इसीलिए अधिकारी इस बात को सुनिश्चित करें कि सड़कों का कार्य अधूरा न हो। कहा कि टेंडर की अवधि कम से कम हो, ताकि जल्द कार्य पूरा हो सके। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सड़क निर्माण में निर्माण एजेंसी पुराने मटीरियल का नियमानुसार ही प्रयोग करें। अधिकारी एक दूसरे विभागों के साथ तालमेल बनाकर काम करें। ताकि नई सड़कों को बाद में उखाड़ना न पड़े। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक में मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि पानी पिलाने के लिए लोग पहले अपने पैसे से प्याऊ लगाते थे। इस विभाग में रोजगार मिलना सौभाग्य की बात है। क्योंकि यह रोजगार के साथ-साथ पुण्य कमाने का काम है

#### ये रहे मौजूद

कहा कि पेयजल के संबंध में किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। अमृत योजना के तहत कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी हासिल की। जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, जिला महामंत्री सुरेश संधू, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रजापति, लघु उद्योग प्रकोष्ठ से जिला अध्यक्ष श्याम, हरिकिशन सैनी, कुशलपाल सैन, जग्गा सैनी, वीना सेठी पूंडरी, सुभाष कुराड़, राजपाल प्रजापति, काला ढाबा वाला, संदीप पाड़ला, कृष्ण टीक, संजीव बरसाना सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



जींद। पुलिस गिरफ्त में पांचों आरोपित। फोटो :हरिभूमि

## रेप केस में फंसा 19 लाख हड़पने के आरोपित दबोचे

■ आरोपितों की निशानदेही पर हड़पे 19 लाख, कार व मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कूलर फैक्टरी संचालक का अपहरण कर रेप केस में फंसाने की धमकी दे ब्लैकमेल कर 19 लाख हड़पने के मामले में शहर थाना नरवाना पुलिस ने मास्टरमाइंड सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर हड़पे गए 19 लाख रुपये की राशि, वारदात में प्रयोग की गई कार, मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। वारदात में शामिल तीन आरोपितों पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पकडे गए आरोपितों की पहचान गांव शामदो निवासी सुखविंदर उर्फ किडू, गांव खरल निवासी दीप, अनिल कुमार उर्फ नील, गांव कुलाना फार्म हांसी निवासी महिला मनजीत ढिल्लो उर्फ पिंगी व गांव दनौदा खुर्द निवासी रीना के रूप में हुई है। यह है मामलाः गांव बडनपुर हाल आबाद नरवाना में कूलर फैक्टरी संचालक अनूप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी नरवाना में कूलरों की फैक्टरी है। गत 15 अप्रैल को वह अपनी महिला मित्र रीना को बाइक पर लेकर गांव बेलरखां से नरवाना की तरफ आ रहे थे। रेलवे ओवरब्रिज के निकट कार सवार लोगों ने उन्हें रोक लिया। जिसमें एक महिला तथा दो व्यक्ति थे। आरोपितों ने दोनों को अपनी गाड़ी में बैठा लिया और उसका बाइक दूसरा आदमी चलाने लगा था।

#### तीन अन्य वारदात कबूली

डीएसपी नरवाना अमित भाटिया ने बताया कि पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों ने इसके इलावा तीन अन्य वारदातें भी कबूल की हैं। पुलिस आरोपितों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है

## खबर संक्षेप

### हमला कर महिला को किया घायल, केस दर्ज

जींद। गांव डूमरखां कलां के निकट महिला पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने एक आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी सरोजबाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सीआईए गली निवासी प्रदीप के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### नशा तस्कर 750 ग्राम चुरा पोस्त सहित दबोचा

कैथल। वीरवार को चौकी महमुदपुर पुलिस द्वारा गुहला क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 750 ग्राम चूरा पोस्त सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी महमुदपुर पुलिस प्रभारी एएसआई राजेश कुमार की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान बस अड्डा दाबा रोड़ पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली थी।

### ऑटो की टक्कर से महिला घायल, केस

जींद। चक्की मोड के निकट तेज रफ्तार ऑटो ने महिला को टक्कर मार कर घायल कर दिया। महिला को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः यूपी हाल गोहाना रोड निवासी कमलेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी जुहरी चक्की मोड पर अपने सामान को समेट रही थी।

### गाड़ी की चपेट में आने से स्कूटी सवार मां,बेटी घायल

कैथल। कैथल के अंबाला रोड पर एक गाड़ी की चपेट में आने से स्कूटी सवार मां बेटी घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सतपाल सिंह ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 9 अप्रैल को जब उसकी पत्नी राजवंत तथा बेटी नसीब स्कूटी पर सवार होकर अंबाला रोड स्थित डीपीएस स्कूल के निकट से गुजर रही थी।

### दो लाख की नकदी और जेवर सहित युवती लापता

जींद। गांव शामलो कलां से दो लाख रुपये की नगदी व जेवरात समेत युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव शामलो कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 अप्रैल को उसकी बेटी घर से किताबें खरीदने की बात कह कर घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी।

### क्रेडिट कार्ड के माध्यम से की 183172 की धोखाधड़ी

कैथल। क्रेडिट कार्ड के माध्यम से एक व्यक्ति के साथ 183172 की धोखाधडी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। भगत सिंह कॉलोनी कैथल के सतीश कुमार ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 मार्च को उसके क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उसके पास तीन अलग-अलग पैसे कटने के मैसेज आए। उसने बताया कि इसके लिए नहीं तो ओटीपी पूछा व नहीं कोई लिंक भेजा गया।

### रिकार्ड न देने पर पूर्व प्रधान पर मामला दर्ज

जींद। डा. भीमराव अंबेडकर सभा का रिकार्ड नई कार्यकारिणी को न देने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं समिति की शिकायत पर सभा के पूर्व प्रधान के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### कनाडा भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी काबू

कैथल। एक युवक को कनाडा भेजने के नाम पर करीब 12 लाख 63 हजार रुपये ठगी करने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी पी.एस.आई संदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई रोहताश सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बुबकपुर निवासी हरकीरत उर्फ राणा को गिरफ्तार कर लिया गया।

## जिला नगर योजनाकार की कार्रवाई पर उठाए सवाल

■ रसूखदारों की पक्की दुकानें छोड़ी टेंपरेरी तोड़ने के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा गुरूवार को कैथल रोड पर अवैध कॉलोनियों में की गई तोडफ़ोड़ की कार्रवाई की गई। शुक्रवार को जिन लोगों की निर्माण गिरे, उन्होंने एकत्रित होकर विभागीय कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े किए। इन लोगों का कहना था कि रसूखदारों के निर्माणों को गिराने से छोड़ दिया गया जबकि कृषि फार्म के लिए बनाई गई टेंपरेरी दीवार, कमरों, गौशाला तक को नही बख्शा। इन लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें कार्रवाई से पहले न तो किसी तरह का नोटिस मिला और न ही समान उठाने का मौका दिया गया। मुख्य रोड पर जो पक्की दुकानें बनी हैं, उनको फोन आते ही छोड़ दिया गया और उनकी कच्ची दुकानें और खेती की जमीन के चारों तरफ सुरक्षा के लिए बनाई चारदीवारी को केवल तोड़ा गया। जल्द ही वो इस मामले में डीसी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से मिल कर मामले से अवगत करवाएंगे। यह है मामला कैथल रोड स्थित सतीश ठेकेदार, कर्मबीर अहलावत, जयदीप, शीलू, तरूण कटारिया, पारस सहित अन्य लोगों ने बताया कि कैथल रोड पर कृषि की जमीन है और यहां पर कुछ लोग खेती कर रहे हैं तो कुछ ने पंक्चर की दुकान, चाय की दुकान का खोखा रखा हुआ है। एकाध टेंपरेरी ढाबा बनाया गया है तो गोशाला के लिए तूड़ी का स्टॉक की खातिर टीन से स्ट्रक्चर बनाए हुए हैं। जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने गुरूवार दोपहर चार जेसीबी की सहायता से उनके स्ट्रक्चर, चार दीवारी, खोखे तोड़ डाले। उन्होंने सामान उठाने की गुहार भी लगाई लेकिन अधिकारियों ने उनकी एक नही सुनी। विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने की बात कही जा रही है लेकिन उन्हें कोई नोटिस ही नही मिला। यहां पर बांधी गई गाय तक निकालने का मौका नही दिया गया।



जींद। ढहाए गए निर्माण। फोटो :हरिभूमि

## गांव पेगां के 6 पंचों को उपायुक्त ने किया तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव पेगां के सरपंच तथा पंचों का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी सिलसिले में 14 पंचों के अलावा बाकी बचे छह पंचों को भी उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने निजी सुनवाई के लिए पत्र से 24 अप्रैल को कार्यालय में तलब किया है। गौरतलब है कि पेगां गांव की सरपंच रतनी देवी ने बीडीपीओ कार्यालय अलेवा को लिखे पत्र में बताया था कि गांव में कुल 20 पंच हैं लेकिन गांव के 15 पंच ग्राम सभा की बैठकों से गैर हाजिर चल रहे हैं। पंचों द्वारा ग्राम सभा की बैठकों से गैरहाजिर होने बारे कोई पत्र ग्राम सचिवालय में ग्राम सचिव या सरपंच को दिया और ना ही अपनी उपस्थिति दर्ज की। जिससे ग्राम पंचायत पेगां ना सिर्फ समय बर्बाद हुआ बल्कि कोई भी कार्य नही हो पाया। उसके बाद गांव के समस्त पंचों की बैठक खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय अलेवा में बुलाई गई। जिसमें हाजिर पंचों ने गांव में विकास कार्यो को लेकर कहा, लेकिन जैसे ही ग्राम पंचायत में गए तो फिर स्थिति वैसी की वैसी रही। पंचों के गैर हाजिर से विकास कार्यो में बाधा उत्पन्न होने से पंचों को 10 फरवरी को कारण बताओ नोटिस जारी कर नीजि सुनवाई के लिए उपायुक्त कार्यालय बुलाया। जिसमें सुनवाई के दौरान डीसी ने मौखिक आदेश दिए गए कि निजी सुनवाई के दौरान पंचों के अलावा बाकी बचे पंचों को शामिल किया जाए।

#### मामला संज्ञान में नही

पेगां गांव के ग्राम सचिव मनदीप ने बताया कि फिलहाल पंचों को पत्र बाबत उनके मामला संज्ञान मे नही हैं। जैसे ही विभागीय पत्र आएगा, उसी के आधार पर पंचो को अवगत करवाने का काम किया जाएगा।

#### कार्यालय से बाहर

बीडीपीओ अलेवा अक्षयदीप चौहान ने बताया कि वो फिलहाल कार्यालय से बाहर हैं। पत्र का पता लगाकर ही मामले को लेकर बताया जा सकता है।

### मिस्त्री की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

जींद। नरवाना स्थित धर्म सिंह कालोनी के सूरजभान की हत्या के मामले में सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने कारवाई करते हुए हत्यारे राहुल को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपित राहुल गिरफ्तारी से बचने के लिए जगह-जगह भागता फिर रहा था लेकिन सीआईए टीम ने आरोपित को काबू कर लिया। डीएसपी नरवाना अमित भाटिया ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गत 16 अप्रैल को को धर्म सिंह कालोनी वासी सूरजभान की आरोपित राहुल ने आपसी कहासुनी के बाद रॉड से चोटें मार कर हत्या कर दी थी। सूरजभान की मौत के बाद आरोपित फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपित की तलाश के लिए सीआईए प्रभारी नरवाना की एक विशेष टीम नियुक्त की थी। सीआईए टीम ने तुरंत प्रभाव से जांच शुरू की और अपने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया। आरोपित हत्या करने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपता फिर रहा था। सीआईए टीम को सूचना मिली थी कि आरोपित राहुल अपने किसी परिचित के पास नरवाना आने वाला है। सीआईए टीम ने तुरंत मुखबिर की बताई जगह पर ट्रैप लगाया और जैसे ही आरोपित नरवाना में आया तो सीआईए टीम ने आरोपी को दबोच लिया।

### बारदाने की कमी के चलते किसान परेशान

गुहला-चीका। गेहूं के सीजन को चलते आज 18 दिन हो गए हैं परंतु आंखें मूंद कर बैठे अधिकारियों की लापरवाही के चलते सब डगमग हो रहा है और आढ़तियों के साथ साथ किसान भी परेशान हो रहे हैं क्योंकि धीमे लदान के चलते गेहूं बिकने के बाद भी उनकी फसल सरकारी गोदामों तक नहीं पहुंच रही है, जिसके चलते उनका करोड़ों का भुगतान रुका है और वे आर्थिक मंदी का शिकार हो रहे हैं। किसान रामपाल, सतीश कुमार, राज कुमार, हरविंद्र सिंह, राजेश व रमेश आदि ने कहा कि वे एक सप्ताह से मंडी में फसल की राखी कर रहे हैं लेकिन बारदाना ना होने के कारण उनकी फसल मंडी में बिखर रही है। उन्होंने सरकार के उन दावों को झूठ का पलिंदा बताया और कहा कि सरकार 72 घंटे में किसानों के भुगतान करने के खोखले दावे कर रही है।

## मारपीट के 3 दोषियों को उम्रकैद 15-15 हजार रुपये जुर्माना ठोका

■ जुर्माना न देने पर एक-एक महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अदालत ने मारपीट के मामले की जांच करते तीन दोषियों को उम्र कैद और 15-15 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर एक-एक महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में गांव बिरथे बाहरी निवासी व्यक्ति ने 1 जुलाई 2022 को थाना राजौंद में मामला दर्ज करवाया था। शिकायत पक्ष की ओर से केस की वकालत डीडीए जेबी गोयल ने की। गोयल ने बताया कि शिकायतकर्ता के भाई (अब मृतक) के साथ इसी गांव के विनोद उर्फ डब्बी, जोगिन्द्र और गुरप्रीत का 2-3 दिन पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था जिनका गांव में ही निपटारा करवा दिया था लेकिन विनोद, जोगिन्द्र, गुरप्रीत इस बात की रंजिश लिए थे। 29 जून 2022 को शिकायतकर्ता का भाई खेतों से घर आ रहा था। जब वह शराब ठेके के पास पहुंचा तो ठेके पर पहले ही विनोद, जोगिन्द्र, गुरप्रीत खड़े थे। उस समय शिकायतकर्ता भी खेतों की तरफ घूमने के लिए जा रहा था। उसने देखा कि तीनों उसके भाई के साथ के साथ डंडे, लात घुसों से मारपीट कर रहे थे। शोर मचाने पर तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। शिकायतकर्ता अपने भाई को सरकारी अस्पताल राजौंद ले गया और बाद में अस्पताल कैथल ले आया। वहां से गंभीर हालत को देखकर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया लेकिन बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई थी।

## हल्की बरसात ने बढ़ाई धरतीपुत्रों की चिंता

■ शाम को मौसम ने ली करवट, आकाश में जमा धूल के साथ दिखाई दिए बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



मौसम का मिजाज लगातार गर्म होता जा रहा है। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री पर जा पहुंचा। वहीं शाम को मौसम ने करवट ली और आकाश में धूल जमा दिखाई दी। जिसके बाद आंधी के साथ जिले में हल्की बरसात शुरू हो गई। बरसात के प्रारंभ होने से किसानों की धड़कने तेज हो गई। क्योंकि अधिकतर किसानों की गेहूं की फसल अनाज मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ी है। और कुछ किसान अपनी फसल की कटाई और कढ़ाई में लगे है। मौसम में आए बदलाव से किसान भी परेशान हो गए। किसानों का कहना है कि गेहूं का सीजन अपने चरम पर है। खेत खलिहान से मंडियों तक गेहूं फैला हुआ है। ऐसे हालात में मौसम का बिगड़ना फसलों के लिए नुकसानदायक है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 52 प्रतिशत तथा हवा की गति 21 किलोमीटर प्रति घटा दर्ज की गई। सूर्य के तेवर अब तीखे होते जा रहे है। दोपहर को सड़कों पर बहुत कम लोग दिखाई दिए। बाजार में भी रौनक गायब हो गई। गर्मी के चलते ठंडे पेय पदार्थों की भी डिमाड बढ गई है। शुक्रवार को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढने के साथ हवा भी गर्म होती चली गई। दोपहर को सड़के विरान दिखाई दी।

#### बारिश नुकसान दायक

गेहूं कटाई तथा कढ़ाई का सीजन रफ्तार पकड़े है। ऐसे हालातों में मौसम का करवट लेना किसानों के लिए चिंता है। किसानों को कहना है कि ऐसे में बारिश व बूंदाबांदी होना नुकसान दायक है। अगर तेज हवा या आधी आती है तो भी कार्य प्रभावित हो गया। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर से मौसम मे बदलाव आया है। मौसम के शुष्क व परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है।

RAMA CAREER INSTITUTE
सचिवालय के सामने, कोर्ट रोड, कैथल
KAITHAL
RAMA
Educating For Better Tomorrow....
JEE/IIT/NEET
Foundational/competition Class,
Integrated Classroom
Drop Out Batch Starts....
Rama Institute Kutabpur
Courses
GNM 3 Years, 10+2 Pass
ANM 2 Years, 10+2 Pass
B.Ed. 2 Years, Graduation
ITI Electrician, Fitter
Yuvraj Institute Batta
Courses
D.Pharma 2 Years, 10+2 (Science)
B.P.Ed. 2 Years, Graduation
MPHW(M) 2 Years, 10+2 Pass
ITI Electrician, Wiremen
Rama Sr. Sec. School
Aff. to HBSE Board, Nur. to 12th
Yuvraj Public School
Aff. to CBSE Board, Nur. to 12th
98121-51923, 99927-71695

पूरी दुनिया में 700 मिलियन से एक बिलियन कुत्ते हैं।

शुतुरमुर्ग की आंखें उसके मस्तिष्क से भी बड़ी होती हैं।

# स्पेस साइंस में बेहतर करियर के लिए करें ये कोर्स



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के कारण आज नए-नए कॅरियर विकल्प युवाओं के लिए खुल रहे हैं, इन्हीं में से एक है स्पेस साइंस। क्या अनंत आकाश आपको अपनी ओर आकर्षित करता है, क्या आपमें ब्रह्माण्ड के रहस्य सुलझाने का जज्बा है, क्या धैर्य और बुद्धि आपके प्लस पॉइंट हैं। यदि हां, तो अंतरिक्ष विज्ञान आपको पुकार रहा है। देश के सैटेलाइट लॉन्चिंग का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में धाक जमने लगी है, जिसके कारण यहां के युवा वैज्ञानियों के के लिए भारतीय व विदेशी अंतरिक्ष विज्ञान के दरवाजे खुलने लगे हैं। इस समय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो न केवल भारत के उपग्रह अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्थापित कर रहा है।

## आसमान का संसार

अंतरिक्ष विज्ञान वह शाखा है, जिसके अंतर्गत पृथ्वी से परे करोड़ों ग्रहों, उपग्रहों, तारों, धूमकेतुओं, आकाशगंगाओं एवं अन्य अंतरिक्षीय पिंडों का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा अंतरिक्ष विज्ञान के अंतर्गत उन नियमों एवं प्रभावों का भी अध्ययन किया जाता है, जो इन्हें संचालित करते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में करियर उन हजारों रहस्यों से पर्दा उठाने का अवसर भी होता है, जो अभी तक अनसुलझे हैं। यह न केवल वैज्ञानिक स्वभाव की परीक्षा होती है, बल्कि आपकी जिज्ञासाएं भी स्तर-दर-स्तर शांत होती जाती हैं। इसे अपना करियर चुनने वाले जहां देश के बेस्ट ब्रेन कैटेगरी में शुमार किए जाते हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बुद्धिजीवी के रूप में उनकी विशिष्ट पहचान बनती है।

### क्या है स्पेस साइंस

स्पेस साइंस या स्पेस टेक्नोलॉजी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसके तहत एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्सए प्रामेट्री एटमॉस्फियर और एयरोनॉमीए अर्थ साइंसेस और सोलर सिस्टम की पढ़ाई आती है। आज के दौर में स्पेस साइंस की कई सब-ब्रांचेज भी हैं। इनमें से मुख्य है कॉस्मोलॉजी, स्टेलर साइंस, प्लेनेटरी साइंस, एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोलॉजी आदि। साइंस और इंजीनियरिंग की ये शाखाएं अंतरिक्ष के चारों तरफ घूमती हैं।

## जरूरी योग्यताएं

अंतरिक्ष विज्ञान में करियर बनाने के लिए सबसे पहले आपको 11वीं कक्षा में गणित विषय लेना होगा, 12वीं गणित में उत्तीर्ण करने के बाद आपको बीएससी की डिग्री लेनी होगी, जहां आपके विषयों में फिजिक्स एवं गणित भी होना जरूरी है। साइंस से स्नातक होने के बाद आप एस्ट्रोनॉमी थ्योरी या एस्ट्रोनॉमी ऑब्जर्वेशन कोर्स चुन सकते हैं। वहीं मास्टर्स डिग्री के बाद विशिष्ट कोर्सेज में प्रवेश लिया जा सकता है। यदि आप बारहवीं के बाद इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन में बीई करते हैं, तो आप इंस्ट्रूमेंट एस्ट्रोनॉमी या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ने पर आगे एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी भी कर सकते हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में देश में केवल मास्टर स्तर व पीएचडी प्रोग्राम ही विश्वविद्यालयों में सामान्यत उपलब्ध हैं। वहीं एक वर्षीय ज्वॉइंट एस्ट्रोनॉमी प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू चलाती है। यह प्रोग्राम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, रमण रिसर्च इंस्टीट्यूट और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई के साथ मिलकर चलाया जाता है। कोर्स की समाप्ति के बाद आपको इन्हीं इंस्टीट्यूट्स में से एक में पीएचडी की भी ऑफर दी जाती है।

### एस्ट्रोनॉट बनने के लिए यह गुण जरूरी

एस्ट्रोनॉट बनने के लिए कई गुण बहुत जरूरी है, उसमें से एक है आकाश में तारों के पैटर्न, उनकी हलचल आदि का अध्ययन करना। यह बहुत लंबा और समय लेने वाला पेचीदा काम है। इसलिए धैर्य इस पेशे का पहला व सबसे जरूरी गुण भी है। वहीं अगली बेहद जरूरी विशेषता आपका जिज्ञासु होना है। इस फील्ड में पूरे आत्मविश्वास और उत्साह से रहस्यमयी प्रश्नों के उत्तर तलाशने होते हैं। आपमें चीजों के प्रति साइंटिफिक एप्रोच के अलावा प्रोग्रामिंग स्किल भी बेहतरीन होनी जरूरी है।

## स्पेस साइंस में ये करियर ऑप्शन

### एस्ट्रोनॉमी

स्पेस सांइस में एक एस्ट्रोनॉमी का कार्य आउटर स्पेस का रिसर्च करना होता है। इसमें सौर मंडल, तारे, आकाशगंगा, ग्रह आदि शामिल होता है। जिस पर ये जमीन से ही रिसर्च कर यहां पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का पता लगाते हैं।

### एस्ट्रोनॉट

एस्ट्रोनॉट के बारे में लगभग सभी लोग जानते हैं, ये वो लोग होते हैं, जो अंतरिक्ष में चहलकदमी कर अपने सपनों को पूरा करते हैं। इनका कार्य स्पेस स्टेशन पर रहकर रिसर्च करना है। इन्हें स्पेस स्टेशन में महीनों रहना पड़ता है।

### स्पेस टेक्नोलॉजी

इस फील्ड में स्पेस टेक्नोलॉजी का करियर भी काफी शानदार माना जाता है। इसमें सेटेलाइट, स्पेस स्टेशन, स्पेसक्रॉफ्ट, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर इक्यूमेंट को डिजाइन करने का कार्य किया जाता है।

### स्पेस इंजीनियरिंग

स्पेस इंजीनियर का सबसे प्रमुख कार्य होता है। ये किसी भी स्पेस अभियान से जुड़े सभी इक्यूमेंट को डिजाइन करते हैं। यहां पर एयरोस्पेस, रोबोटिक्स, मटेरियल साइंस, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के साथ ही मैकेनिकल और टेलीकॉम इंजीनियरिंग जैसे कई फील्ड में इंजीनियर कार्य करते हैं।

### स्पेस रिसर्च

इस काफी व्यापक फील्ड माना जाता है। स्पेस रिसर्च में अलग-अलग फील्ड के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। जैसे- एस्ट्रोफिजिसिस्ट, बायोलॉजिस्ट, बायोकैमिस्ट और बायोफिजिसिस्ट, जियोलॉजिस्ट और एस्ट्रोबायोलॉजिस्ट। ये सभी अपनी विशेषता के अनुसार कार्य करते हैं।

### स्पेस लॉ

आंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों को नियंत्रित करने वाला लॉ है। इसमें देशों व कंपनियों के बीच समझौतों, संधियों, सम्मेलनों और संगठनों के नियमों की जानकारी हासिल की जाती है। आज के समय में जिस तरह स्पेस में भीड़ बढ़ रही है, उसे देखते हुए स्पेस लॉ में अच्छा करियर ऑप्शन बन सकता है।

### स्पेस टूरिज्म

स्पेस के फील्ड में यह सबसे तेजी से उभरता हुआ फील्ड है। इसमें अब कई नई प्राइवेट कंपनियां आ रही हैं। यहां पर युवाओं के लिए करियर बनाने का शानदार मौका है। आज के समय में स्टेस टूरिज्म के क्षेत्र में वर्जिन गेलेक्टिक, ब्लू ओरिजिन, ओरियन, स्पेसएक्स, ओरियन स्पैन और बोइंग जैसी कंपनियां लगी हुई हैं।

---

हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है इस फील्ड को

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट का कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान, इस फील्ड में होगी लाखों की कमाई

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

कोरोना महामारी के बाद हेल्थ सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। साथ ही कॅरियर के तौर पर भी कई ऑप्शन सामने आए हैं। बता दें कि पहले नर्सिंग और एमबीबीएस कर मेडिकल सेक्टर में कॅरियर बनाया जा सकता था। लेकिन अब इस सेक्टर में मेडिकल की डिग्री के बिना भी आप अपना कॅरियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक कॅरियर ऑप्शन हॉस्पिटल मैनेजमेंट का है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इस सेक्टर से जुड़े लोगों के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के विस्तार के अलावा हॉस्पिटल मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी काम बढ़ रहा है। आइए जानते हैं आप कैसे इस सेक्टर में अपना कॅरियर शुरू कर सकते हैं।

## इस क्षेत्र में काम तेजी से बढ़ रहा



### जानिए क्या है हॉस्पिटल मैनेजमेंट



बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के क्षेत्र में आता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है। इसके अलावा इसका काम यह सुनिश्चित करना है कि हॉस्पिटल आने वाले मरीजों और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को किसी तरह की कोई समस्या ना हो। हॉस्पिटल मैनेजमेंट टीम इन व्यवस्थाओं को सुनियोजित करने का काम भी करती है।

### अहम है यह फील्ड

हॉस्पिटल मैनेजमेंट के तहत हॉस्पिटल में चलने वाली कैंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार ही आता है। किसी भी संचालन में कमी और अस्पताल में होने वाले हादसों की जिम्मेदारी भी हॉस्पिटल मैनेजमेंट की होती है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में साल 2025 तक 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत होगी।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

कई संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बैचलर की डिग्री देते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है। इसके अलावा आप इसमें प्रोफेशनल कोर्स में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय में हॉस्पिटल मैनेजमेंट के कोर्स में एमबीए वालों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं प्राइवेट संस्थान हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स डिप्लोमा सर्टिफिकेट भी देते हैं।

### क्या चाहिए क्वालिफिकेशन

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के लिए स्टूडेंट का 12वीं कक्षा साइंस स्ट्रीम के साथ पास होना आवश्यक होता है। यह कोर्स करने के लिए छात्र के 12वीं में बायोलॉजी में न्यूनतम 50% अंक होने जरूरी है। कुछ शैक्षणिक संस्थान इंटरव्यू और टेस्ट के आधार पर भी इस कोर्स में दाखिला देते हैं।

### यहां से करें हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स

अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता

आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

एम्स, नई दिल्ली

> हॉस्पिटल मैनेजमेंट को हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन और हेल्थ एडमिनिस्ट्रेशन के तौर पर भी जाना जाता है। इसका काम हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से चलवाना है।

### 40 से 50 हजार रुपये सैलरी

हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स करने के बाद उम्मीदवार 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाने का मौका मिलता है। इसके अलावा सरकारी संस्थान में एक से डेढ़ लाख रूपए महीने की सैलरी उठा सकते हैं। समय और अनुभव बढ़ने के साथ ही सैलरी में भी बढ़ोतरी होती जाएगी। यह एक ऐसा फील्ड है जिसमें आने वाले समय में करियर बनाने के काफी स्कोप है। आज के आधुनिक समय में लोगों को किसी भी बीमारी का सामना करना पड़ता है तो लोग तुरंत हॉस्पिटल में भर्ती होते हैं। कोरोना के दौरान जब लाखों की संख्या में लोग अस्पतालों में भर्ती हुए तो उस समय मैनेजमेंट सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया था

---

कर सकते हैं फुल टाइम वर्क भी

# 12वीं के बाद करें गेम डिजाइनिंग का कोर्स, कॅरियर ग्रोथ के साथ मिलेगा लाखों रुपये का पैकेज

**अगर आप भी** 12वीं के बाद किसी ऐसे कोर्स की तलाश में हैं, जहां पर आपके कॅरियर ग्रोथ के साथ अच्छा पैसा कमा सकें। तो बता दें कि आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन कॅरियर आप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गेमिंग इंडस्ट्री के बारे में जरूरी जानकारी देने जा रहे हैं। बता दें कि इस फील्ड में आने के बाद आपको किस तरह का कॅरियर ग्रोथ मिलेगा। इस फील्ड में आने के लिए क्या क्वालिफिकेशन चाहिए होती है, इन सारे सवालों के जवाब आपको इस आर्टिकल में मिलेंगे। ऐसे में अगर आप भी 12वीं के बाद किसी बेहतरीन फील्ड की तलाश में हैं, तो गेमिंग फील्ड आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है। वर्तमान समय की बात करें तो देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा लोग फुल टाइम वर्क कर रहे हैं। जिसमें से 30 फीसदी लोग प्रोग्रामर और डेवलपर के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022-23 में यह फील्ड 20-30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करेगा। वहीं इस फील्ड में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों की संख्या में जॉब्स पैदा होने की संभावनाएं हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के कैरेक्टर्स, गेम के लेवल के अलावा तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर उसे इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। वहीं गेम राइटर डायग्राम आदि बनाकर उसके अलग-अलग वर्जन को तैयार करते हैं। गेम डिजाइनर को टेक्निकल नॉलेज होने के साथ ही सोच में क्रिएटिविटी भी होनी चाहिए। गेम तैयार करने के लिए उसकी डिजाइन, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल की टीम एक साथ वर्क करती है।

### क्वालिफिकेशन

- छात्र ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना जरूरी होता है।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश भाषा पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- इस फील्ड में आप गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, आर्ट, एनिमेशन, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर ग्राफिक्स, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स कर सकते हैं।

### जरूरी स्किल्स

- गेमिंग फील्ड में कॅरियर बनाने वाले स्टूडेंट्स के पास कैरेक्टर डिजाइन, एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस फील्ड में 2 डी गेम डेवलपर्स, 3 डी गेम डेवलपर्स और जावा आदि में अपार संभावनाएं हैं।
- इस फील्ड में डिजाइनिंग के साथ 2डी सॉफ्टवेयर और 3डी मॉड्यूलिंग की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए युवाओं के पास साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

### जॉब प्रोफाइल

इस फील्ड में युवा एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, मैनेजर्स, कास्टर्स, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर अपना कॅरियर बना सकते हैं।

---

# नकली समाचार का खतरा और युवाओं का डिजिटल मंचों की ओर झुकाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के डिजिटल युग में सूचना का प्रवाह इतना तेज है कि सही और गलत जानकारी के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। नकली समाचार, जिसे अंग्रेजी में "फेक न्यूज" कहा जाता है, युवाओं के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह न केवल उनकी सोच को प्रभावित करता है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति पर भी असर डालता है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाकर डिजिटल मंचों की ओर अधिक आकर्षित हो रही है। इस लेख में हम नकली समाचार के खतरों, युवाओं के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी बनाने के कारणों और पढ़ाई में बेहतर करने के लिए प्रेरणा के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

## गलत और भ्रामक जानकारी दी जा रही

नकली समाचार का युवाओं पर प्रभाव

नकली समाचार ऐसी जानकारी होती है जो जानबूझकर गलत या भ्रामक होती है। यह सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, और अन्य डिजिटल मंचों के माध्यम से तेजी से फैलती है। युवा, जो अपने विचारों को आकार देने के लिए सूचनाओं पर निर्भर रहते हैं, अक्सर ऐसी खबरों का शिकार हो जाते हैं। इसके कुछ प्रमुख प्रभाव हैं:

**गलत धारणाएं बनना:** नकली समाचार युवाओं में गलत विश्वास पैदा करते हैं, जैसे किसी समुदाय, व्यक्ति या घटना के प्रति नफरत या गलत धारणा।

**मानसिक तनाव:** भ्रामक खबरें डर, चिंता और अविश्वास को बढ़ावा देती हैं, जिससे युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है।

**समय की बर्बादी:** ऐसी खबरों को पढ़ने और उन पर बहस करने में युवा अपना कीमती समय खो देते हैं, जो उनकी पढ़ाई और करियर पर असर डालता है।

**सामाजिक विभाजन:** नकली समाचार समाज में विभाजन पैदा करते हैं, जिससे युवा अपनी एकता और सामाजिक मूल्यों को खोने लगते हैं।

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से दूरी क्यों?**

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, जैसे टीवी न्यूज चैनल, अक्सर सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण खबरें दिखाते हैं। ये खबरें दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन इनमें सच्चाई की कमी होती है।

## टीवी पर एकतरफा कवरेज

**विश्वास की कमी:** युवा न्यूज चैनलों पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि ये चैनल पक्षपातपूर्ण या प्रायोजित हैं।

**डिजिटल मंचों की स्वतंत्रता:** सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर युवाओं को अपनी पसंद की सामग्री चुनने की आजादी मिलती है, जो उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्यादा आकर्षक लगती है।

**सूचना की अधिकता:** डिजिटल मंचों पर युवा कई स्रोतों से जानकारी ले सकते हैं और तुलना कर सकते हैं, जबकि टीवी पर एकतरफा कवरेज मिलता है।

**मनोरंजन का विकल्प:** डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन, शिक्षा और समाचार एक साथ उपलब्ध हैं, जो युवाओं को अधिक उपयोगी लगता है।

यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे युवा खुद को प्रेरित कर सकते हैं:

**लक्ष्य निर्धारित करें:** छोटे और बड़े लक्ष्य बनाएं, जैसे रोजाना एक नया टॉपिक पढ़ना या सप्ताह में एक कौशल सीखना। यह प्रगति का अहसास दिलाएगा।

**सूचना सत्यापन:** हर खबर को बिना जांचे स्वीकार न करें। विश्वसनीय स्रोतों जैसे किताबें, शैक्षिक वेबसाइट्स और विशेषज्ञों की राय पर भरोसा करें।

**समय प्रबंधन:** सोशल मीडिया और न्यूज देखने का समय सीमित करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से उस यंत्र का नाम बताइए जो कम्प्यूटर को टेलीफोन लाइनसे जोड़ता है
(ए) स्कैनर
(बी) मॉडेम
(सी) सी.डी.रोम
(डी) प्रिंटर

**2.** कम्प्यूटर सिस्टम के किस भाग को भौतिक रूप से स्पर्श किया जाता है
(ए) डाटा
(बी) ओएस
(सी) हार्डवेयर
(डी) सोफ्टवेयर

**3.** डॉट मेट्रिक्स किसका एक प्रकार है
(ए) टेप
(बी) डिस्क
(सी) प्रिंटर
(डी) बस

**4.** सीडी-रोम है एक?
(ए) सेमीकंडकटर मेमोरी
(बी) मैग्नेटिक मेमोरी
(सी) मेमोरी रजिस्टर
(डी) इनमे से कोई नही

**5.** एकछोटे सिलिकॉन चिप पर ट्रांजिस्टरों और अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के साथ पोर्न इलेक्ट्रोनिक सर्केट को.....कहते है
(ए) वर्क स्टेशन
(बी) सीपीयू
(सी) मैग्नेटिक डिस्क
(डी) इंटिग्रेटेड सर्किट

**6.** ....कम्प्यूटर को बताती है की इसके उपकरणों का प्रयोग कैसे करण चाहिए
(ए) यूटिलिटी
(बी) नेटवर्क
(सी) एप्लीकेशन
(डी) ओपी

**7.** सी, बेसिक, केबोल और जावा ...... भाषाओं के उदहारण है
(ए) लो लेबल
(बी) कम्प्यूटर
(सी) सिस्टम प्रोग्रामिंग
(डी) हाई लेबल

उत्तर 1.(बी) 2.(सी) 3.(सी) 4.(बी) 5.(डी) 6.(डी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### खेत में कमरे का ताला तोड़कर इंवर्ट- बैट्री चोरी

**जींद।** गांव बराडखेड़ा में बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बराडखेड़ा निवासी दलीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने खेत के कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी, सबमर्सिबल मोटर को चोरी कर लिया।

### हमला कर दंपती को घायल करने पर केस

**जींद।** गांव अलीपुरा में रंजिश हमला कर दंपति को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अलीपुरा निवासी पप्पू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सिंसर निवासी अजय, व अन्य उसके घर के बाहर गाली दे रहे थे। जब उसने गली में आकर गाली का विरोध किया तो आरोपितों ने उस पर हमला कर दिया।

### खेत में लगी 17 सोलर प्लेट और केबल तोड़ी

**जींद।** गांव उझाना में बीती रात चोरों ने खेतों में लगी 17 सोलर प्लेटों तथा कीमती केबलों को तोड़ दिया। खेत मालिक की शिकायत पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तोडफ़ोड़ का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उझाना निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत में लगी 17 सोलर प्लेटों, सबमर्सिबल केबल को तोड़ दिया।

### नाबालिग से गैंगरेप का भगोड़ा आरोपित दबोचा

**जींद।** पीओ स्टाफ ने नाबालिग से गैंगरेप का भगोड़ा घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया है। महिला थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पीओ स्टाफ इंचार्ज जगदीश सिंह ने बताया कि महिला थाना में फरवरी 2016 में एक नाबालिग ने शिकायत दी थी। जिसमे बताया था कि उसके साथ गांव बरसाना निवासी भरत उर्फ बहादुर, भगत सिंह, मनोज उर्फ मन्नु, शमशेर उसके साथ गैंगरेप किया है।

### फैक्टर 8 की अनुपलब्धता से बना काला दिवस

**जींद।** हर वर्ष 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य हीमोफीलिया और अन्य रक्त संबंधित विकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। परंतु इस वर्ष हरियाणा में यह दिवस जश्न का नही बल्कि चिंता पीड़ा और उपेक्षा का प्रतीक बन गया है। हरियाणा राज्य में सैंकड़ों हीमोफीलिया से पीड़ित मरीज आज भी जीवनरक्षक क्लॉटिंग फैक्टर्स 8 की भारी कमी से जूझ रहे हैं।

### शैड की जल्द छात्तर सब यार्ड को सौगात मिलेगी

**जींद।** छात्तर सब यार्ड में जल्द आढ़तियों, किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने वाली है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से छात्तर सब यार्ड पूर्व प्रधान ओमदत्त डाहोला ने आढ़तियों के साथ मुलाकात की। विधायक ने आश्वासन दिया कि छात्तर सब यार्ड में अगले दो से तीन महीने के अंदर शैड लग जाएगा। शैड लगने से किसानोंए आढ़तियों को फायद होगा।

### दुखद घटनाओं के विरोध में विहिप आज करेगी प्रदर्शन

**जींद।** विहिप हरियाणा ने पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद की दुखद घटनाओं के विरोध में जिलास्तर पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जिला स्तर पर 19 अप्रैल को प्रातः 10:30 बजे रानी तालाब से लेकर लघु सचिवालय तक प्रदर्शन कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला मंत्री प्रमोद गौतम, नवीन जैन, बजरंग दल के जिला संयोजक महावीर बिरौली, विशाल भरत, संजय सैनी आदि मौजूद थे।

### भगवान परशुराम अवतरण कार्यक्रम 26 को

**जींद।** युवा ब्राह्मण सभा हरियाणा जींद के संयोजक अनूप वशिष्ठ ने बताया कि 26 अप्रैल को राज्यस्तरीय भगवान परशुराम अवतरण (जन्मोत्सव) व सम्मान समारोह का होना निश्चित किया गया। जो कार्यक्रम जयंती देवी मन्दिर से हवन समय 8 बजे सुबह से शुरू होगा व वहीं से परशुराम शोभायात्रा शुरू होगा ।

---

### मरीजों को दिए जाने वाले स्पेशल वार्डों की जांच की

# डीजी हेल्थ ने जींद- नरवाना अस्पताल का किया निरीक्षण

## नागरिक अस्पताल में बनेगी विश्राम सरायः डॉ. अनिल बिरला

**मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सकों की ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगातार स्वास्थ्य विभाग कार्यरत है। इसी के चलते नागरिक अस्पताल जींद तथा नरवाना में शुक्रवार को डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला पहुंचे और मरीजों को मिलने वाले स्पेशल वार्डों का दौरा किया।

इस दौरान इन वार्डों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जांच पड़ताल की। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के तामीरदारों के लिए विश्राम सराय बनाने के लिए जगह का निरीक्षण भी किया। नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के तामीरदारों को रुकने के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो। इसके लिए विश्राम सराय बनाई जाएगी। अब तक तामीरदारों के लिए अस्पताल में रुकने के लिए अच्छी सुविधा नहीं है लेकिन इसके बनने से यहां पर दाखिल होने वाले मरीजों को भी बेहतर लाभ होगा। इसके अलावा नागरिक अस्पताल के तीसरे तल पर पांच स्पेशल वार्ड हैं। यहां पर जो मरीज स्पेशल वार्ड की मांग करते हैं। उनको कमरे दिए जाते हैं। इन स्पेशल वार्डों की जांच के लिए डीजी हेल्थ ने दौरा किया और वहां पर मरीजों से भी बातचीत की। इसके अलावा अस्पताल में अन्य सुविधाओं की जांच की। अस्पताल के भवन में नमी को लेकर भी पूछा गया। इसके अलावा उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सकों के साथ बैठक की। इसमें मरीजों व उनके तामीरदारों से अच्छा व्यवहार करना और मरीज का हौंसला बढ़ाने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त अस्पताल में जिन संसाधनों की कमी है। उनको पूरा करवाने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में एमरजेंसी व पुराने भवन का दौरा भी किया। अस्पताल में डीजी हेल्थ के आने की पूर्व में सूचना होने के चलते सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर दी गई थी। इससे पहले नरवाना में केयर कम्पेनियन कार्यक्रम में शामिल हुए थे।





**जींद।** जींद के स्वास्थ्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डीजी हैल्थ डा. अनिल बिरला व स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार किया स्पेशल वार्ड। फोटो :हरिभूमि

### विश्राम सराय बनाने के लिए जगह का निरीक्षण

स्वास्थ्य विभाग के डीजी हैल्थ डा. अनिल बिरला ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सकों के साथ बैठक की। नागरिक अस्पताल में मरीजों के तामीरदारों के लिए विश्राम सराय बनाने के लिए जगह का निरीक्षण किया गया व मरीजों को दिए जाने वाले स्पेशल वार्डों की जांच की गई।

---

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

■ युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते खेलकूद में भाग लेने के लिए करें प्रेरित : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी नशा मुक्ति केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें। यदि जिले में कहीं भी अवैध नशा मुक्ति केंद्र संचालित हो रहे हैं तो उन पर तुरंत छापेमारी कर सख्त कार्रवाई की जाए। युवाओं को नशे के खिलाफ निरंतर जागरूक करते रहें उन्हें खेल.कूद में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा लघु सचिवालय के सभागार में नारको कोऑर्डिनेशन की बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन विषय पर समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा दिर्नेश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि श्नशा मुक्त हरियाणा के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पित प्रयास आवश्यक हैं। खुले में शराब पीने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि चेकिंग के दौरान तैयार की गई रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए।



नशा मुक्ति केंद्रों के निरीक्षण को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।



**नरवाना।** कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### हाइजीनिक कैंप का सफल आयोजन

**नरवाना।** बसंत विहार स्थित वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल में आज एक दिवसीय हाइजीनिक कैंप का आयोजन किया गयाए जिसका उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि जैन के प्रेरणादायी भाषण से हुईए जिसमें उन्होंने स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोनेए साफ.सुथरे कपड़े पहननेए बाल बनानेए नाखून काटने और शुद्ध जल सेवन करने की आदत डालने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में व्याख्यान दिए गए। बच्चों ने हाथ धोने की गतिविधियों में भाग लिया और उन्हें सही तरीके से स्वच्छ रहने के उपायों की जानकारी दी गई।

### नपा ने 19 लाख खर्च कर आचार्य महाश्रमण द्वार बनाया

**जींद।** नपा उचाना ने महापुरूषों के नाम से शहर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार बना रही है। हाइवे से रजबाहा रोड पर आचार्य महाश्रमण द्वार का उद्घाटन नपा प्रधान विकास काला ने किया। करीब 19 लाख रुपये खर्च करके नपा द्वारा इस स्वागत द्वार का निर्माण करवाया गया है। शाम होने के बाद स्वागत द्वार में लगी लाइटें जलनी शुरू हो जाएगी। अब तक कई प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार नपा महापुरूषों, शहीदों के नाम से बनवा कर लगा चुकी है। जैन समाज द्वारा काफी समय से आचार्य महाश्रमण के नाम से स्वागत द्वार लगाने की मांग की जा रही थी। नपा द्वारा जैन समाज की इस मांग को पूरा करते स्वागत द्वार रजबाहा रोड पर लगाया है। विकास काला ने कहा कि नपा पार्षदों की होने वाली बैठक में ये प्रस्ताव पारित किया गया था कि शहर से जुडने वाले प्रमुख मार्गों पर शहीदों, महापुरूषों के नाम से स्वागत द्वार लगाए जाएंगे।

---

### आमजन को किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बढते साइबर क्राइम को देखते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के आदेशानुसार जिला पुलिस की टीमें जिले में विभिन्न स्थानों पर हेल्पडेस्क लगाकर आमजन को साइबर अपराधों बारे जागरूक कर रही है। शुक्रवार को एसपी राजेश कालिया के कुशल मार्गदर्शन में कलायत कालेज व कैंची चौकी पर तथा जिला सचिवालय व जिला कोर्ट के बाहर हेल्पडेस्क लगाकर आमजन को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों से बचने का पाठ पढाया गया। साइबर थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में पुलिस टीमों द्वारा आमजन को बताया कि हम टेक्नोलॉजी के दौर में इतनी तेजी से विकास कर रहे है कि इसके बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। जितनी तेजी से हम इस डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे है हम लोगों की इंटरनेट पर निर्भरता भी उतनी ही बढ़ गई है।



**कैथल।** साइबर क्राइम बारे जागरूक करती पुलिस टीम।




नारेबाजी कर रोष जताते आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के पदाधिकारी

### तोल में गड़बड़ी करने वालों पर हो कार्रवाई

**ढांड।** अनाज मंडियों में गेहूं के तोल में पकडी गई 12 किलो तक की हेरा-फेरी। ऐसी तोल में हेरा-फेरी एक दो जगह नहीं कई जगह पकड़ी गई है। जो किसानों के सोने की लूट कर रही हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन सख्त कार्रवाई की मांग करता है। संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने जारी बयान में कहा कि किसान पहले ही खेती में लागत खर्च पूरा ना होने से कर्ज बंधुआ होकर आत्महत्या तक करने को मजबूर हैं ऊपर से मंडियों में किसान की लूट जारी है। जिसके लिए हरियाणा सरकार भी जिम्मेदार हैं। खरीद एजेंसियों की मिलीभगत से सब गोरख धंधा चल रहा है। धान के सीजन में भी किसानों को 15 से 20 दिन तक मंडियों में पड़ा रहना पड़ा था और धान की फसल को भी पांच सौ रुपए तक सस्ते में पीट लिया था।

### पूर्व सैनिको ने किया बैठक का आयोजन

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के कार्यालय करनाल रोड में मीटिंग का आयोजन किया। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि इसमें कई अहम फैसले लिए गए इसमें 22 अप्रैल 2025 मंगलवार प्रात 8:30 बजे, 1965 भारत-पाक युद्ध में लाहौर पर चढ़ाई करते हुए गांव डोगराई में जाट रेजीमेंट तृतीय बटालियन के अमर शहीद सिपाही रामचंद्र के शहीद स्मारक का अनावरण शहीद सिपाही रामचंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम (कैथल) के प्रांगन में किया जाएगा। 25 अप्रैल को पूर्व सैनिकों के केंद्रीय नेतृत्व के आदेश पर देश के सभी जिला मुख्यालय पर वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों जिसमें खासकर वीर नारियों, सैनिक विधवाओं ,विकलांगों , एम एस पी, आठवें पे कमीशन बारे जिला मुख्यालय पर जो प्रदर्शन किये जा रहा है।



**कैथल।** बैठक में विचार विमर्श करते पूर्व सैनिक।




**कैथल।** मिजोरम राज्य की टीम आंगनबाडी केंद्रों का दौरा करते।

### टीम ने किया गांव हरिपुरा-आंधली का दौरा

**कैथल।** महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि शुक्रवार को मिजोरम राज्य की टीम द्वारा कैथल जिले के गांव हरिपुरा एवं आंधली का दौरा किया गया। इसमें पोषण ट्रैकर पोर्टल पर एवं धरातल पर आंगनवाडी केंद्र की सरंचना का आंकलन किया गया। पोषण ट्रैकर पोर्टल पर दर्शाए गए आंकड़ों की बारिकी से जांच की गई। उन्होंने बताया कि पोषण ट्रैकर भारत में कुपोषण को कम करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण की निगरानी के लिए एक डिजिटल उपकरण है। मिजोरम राज्य की टीम के अधिकारियों द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के आधारभूत संरचना का आंकलन किया गया। बच्चों का नाप तोल भी किया गया एवं एसएनपी लाभार्थियों से आंगनवाडी केंद्र में दी जाने वाली राशन के बारे में बातचीत की गई।

---



**नरवाना।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया याद

**नरवाना।** डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सहृदय श्रद्धांजलि व शत.शत नमन किया गया। वरिष्ठ सदस्य संजय चौधरी ने बताया डॉ? सर्वपल्ली राधाकृष्णनय ;5 सितम्बर 1888 दृ 17 अप्रैल 1975द्ध भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे। वे भारतीय संस्कृति के संवाहकए प्रख्यात शिक्षाविदए महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण सन 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था। उनका जन्मदिन ;5 सितम्बरद्ध भारत में प्रति वर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉण् राधाकृष्णन एक शिक्षक होने के साथ.साथ एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं विचारक भी थे। वरिष्ठ सदस्य सतीश सेतिया, राम अवतार बंसल, कुबेर दत्त शर्मा, अशोक, अभिनव गुप्ता मौजूद रहे।

# तालाबों में डाली गंबुजिया मछली

■ मच्छरों के लार्वा को समय रहते नष्ट करें : डा. कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के प्रभारी डा. कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देश पर शुक्रवार को पीएचसी कंडेला के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रो में जरूरी पानी के तालाबों में गंबुजिया मछली डाली । गंबुजिया मछली पानी में रह कर पानी में अंडे देने वाले मच्छरों के लार्वा को खा कर जनता को मच्छरों से बचाव में सहयोग करती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि गर्मी के मौसम में सभी अपने घरों में प्रयोग होने वाले पानी के मटके, कूलर, फ्रिज के पीछे ट्रे, होदी, टंकी, ड्रम इत्यादि को सप्ताह में एक बार साफ करके सूखा लें ताकि मच्छरों के लार्वा को समय रहते नष्ट किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस मौसम में सभी पूरी बाजु के कपड़े पहनें, उचित आहार लें, ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ लें। जिसमें पानी, नींबू पानी, जलजीरा, लस्सी, शिकंजी, जूस, नारियल पानी इत्यादि लें ताकि गर्मी से होने वाले हिट वेव व मच्छरों से होने वाले बुखार में पानी कि कमी न हो ओर शरीर प्रॉपर रूप से इम्युनिटी पावर बनता रहें। डा. सुनील ने बताया कि कोई भी बुखार मलेरिया या डेंगू बुखार हो सकता है। इसलिए हमें हलका सा बुखार होने पर ही अपने खून कि जांच करवा कर उचित उपचार लेना चाहिए ताकि समय रहते बीमारी पर काबू पाया जा सके। हमें अपने घरो व घर के आसपास साफ -सफाई रखनी चाहिए। जिससे मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। रात को सोते समय मच्छरदानी, मच्छरमार दवाई, क्रीम, नीम के पत्तों का धुआं या मच्छर मार कोईल का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर स्वास्थ्य सुपरवाइजर सुरेश कुमार, स्वास्थ्य कार्यकर्ता राजेश, नरेंद्र, देवीराम कौशिक आदि मौजूद रहे।





**जींद।** युवा संसद में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### युवा संसद का आयोजन

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के द्वारा युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर एवं संचालन राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्षा नीलम ने किया। कार्यक्रम में 50 छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि युवा संसद के आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यए राजनीतिक समझ और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। युवा संसद में सदन अध्यक्षा की भूमिका बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा विशाखा ने निभाई एवं महिला आरक्षण बिल को सदन में चर्चा के लिए प्रस्तावित किया। महिला एवं बाल कल्याण विभाग मंत्री की भूमिका निभाते बीए द्वितीय वर्ष से छात्रा तनु देवी ने वर्तमान में महिला आरक्षण बिल की आवश्यकता को आंकड़ों एवं उदाहरणों के साथ प्रस्तुत किया।

---

### शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए टीम पहुंची दरियावाला में घर-घर

# विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्रामीण क्षेत्र में जल आपूर्ति योजनाओं के गांव स्तर की जल गुणवत्ता की निगरानी व पेयजल आपूर्ति एवं रखरखाव में ग्रामीणों की सामूहिक भागिदारी को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की सयुंक्त टीम ने उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को गांव दरियावाला व संगतपुरा का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक का आयोजन किया गया व विभाग के कर्मचारियों को जलघर पहुंच कर पेयजल जांच के लिए क्लोरिनेशन चैक करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की बैठक को संबोधित करते उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं रखरखाव के लिए ग्रामीणों की सहभागिता बढाई जा रही है। इस स्कीम के तहत पहले उन ग्राम पचायतों की सहभागीता बढ़ाई जाएगी, जहां केवल सिंगल विलेज स्कीम के तहत जल आपूर्ति की जा रही है। इस स्कीम के तहत एक निश्चित राशि ग्राम पंचायतों को दी जाएगी ताकि वे लिकेज व रखरखाव के कार्य को अपने स्तर पर कर सकें। इस मौके पर केमिस्ट वीरेंद्र सिंह ने पेयजल जांच के बारे में विस्तार से बाताया जबकि जिला सलाहकार रणधीर मताना व खंड समन्वयक दिनेश मलिक ने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के कार्यों व उसके अधिकारों के बारे बताते जल संरक्षण अभियान में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी पर जोर दिया। इससे पूर्व टीम ने सबसे पहले गांव दरियावाला के सैनिक पबिलक स्कूल का दौरा किया और वहां का पेयजल आपूर्ति व पेयजल जांच का कार्य किया। विद्यार्थियों को जल संरक्षण व साफ -सफाई के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद टीम ने गांव दरियावाला के जलघर का निरीक्षण करके वहां पर कर्मचारियों द्वारा की जा रही साफ-सफाई का जायजा लिया। टीम ने जलघर में स्टोरेज टैंक, कलियर फिल्टर, चैंबर, क्लोरिनेशन सिलेंडर को चैक किया। इस मौके पर वहां पर नियुक्त कर्मचारियों को पेयजल जांच के लिए क्लोरिनेशन चैक करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद टीम ने गांव संगतपुरा में पहुंच कर घरों की विजिट की।



**जींद।** जलघर का निरीक्षण करते टीम। फोटो :हरिभूमि



**नरवाना।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कार्रवाई की गई

**नरवाना।** नरवाना के नागरिक अस्पताल में केयर कम्पेनियन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं के निदेशक डॉ अनिल बिड़ला ने भाग लिया और नागरिक अस्पताल नरवाना के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण हेतु दृड संकल्प है और इस के लिए क्या क्या उठायें जा रहें उसके बारे स्टाफ को समझाया उसके लिए उन्हें क्या कदम उठाने हैए क्या कार्य उनको करने ताकि मरीजों को उनके रिश्तेदारो को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। उन्होंने अपने संबोधन में स्वास्थ्य सेवाएं के बारे विस्तार पूर्वक विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में शिक्षित करने के बारे और समझाने के बारे में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को समझाया। जिससे मरीजों और उनके परिवार रिश्तेदारो को जानकारी मिल सके। डा देवेंद्र बिंदलिश, डॉ हिमांशु मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### रोडवेज कर्मचारियों की बैठक 21 को

**जींद।** हरियाणा रोडवेज स्टाफ मिनिसर्ट्रीयल कर्मचारियों की मांगों एवं समस्याओं पर विचार विमर्श को लेकर 21 को चालक प्रशिक्षण केंद्र पर बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जींद कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान बलराज देशवाल करेंगे। बलराज ने बताया कि परिवहन विभाग में क्षेत्रिय कार्यालयों में कार्यरत मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारियों की पिछले काफी समय से मांगें लंबित हैं।

### विवि में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा इतिहास लेखन अवधारणा एवं उपकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर जयवीर सिंह धनखड़, विभाग अध्यक्ष इतिहास एवं पुरातत्व विभाग मदिव रोहतक द्वारा बच्चों को इतिहास लेखन अवधारणा प्रतिविधियां एवं उपकरण विषय पर अपने विचार रखें।

### नौ ड्यूज सर्टीफिकेट में दर्शाया जाए खेवट नंबर

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने नगरपालिका सचिव को आदेश जारी करते हुए कहा कि वसीका पंजीकरण से संबंधित जो नो ड्यूज सर्टीफिकेट सब रजिस्ट्रार कार्यालय गुहला को जारी किए जाते है उस नौ ड्यूज सर्टीफिकेट के अंदर अथोराईजड स्टेटस व संपत्ति का पता कॉलम में खेवट नम्बर, खसरा नंबर, तथा खतौनी नंबर अवश्य दर्शाए जाएं।

### बिजली कष्ट निवारण फोरम की बैठक 21 को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक स्थानीय यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के सभागार में आयोजित की जाएगी। बताया कि बैठक में बिजली संबंधित वह समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों और एक्सईएन से मिलने उपरांत समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

### गांव अहिरका में पराली के ढेर में भड़की आग

**जींद।** गांव अहिरका के निकट खेत में भंडारण की गई हजारों क्विंटल पराली में आग भड़क उठी। मौके पर पहुंची आठ फायर बिग्रेड की गाडियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब पराली जल कर राख हो चुकी थी। गांव अहिरका निवासी चाद राम ने अपनी डेयरी के निकट 200 एकड़ पराली का भंडारण किया हुआ था। जिसमें शुक्रवार को अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही देर मे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

### 21 से 26 तक आयोजित किए जाएंगे योग शिविर

**कैथल।** आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में 75 दिन पूर्व विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 से 1 मई तक विशेष योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें दिव्यांगो, वृद्धों, गर्भवती एवं बच्चों हेतु 6 दिवसीय 4 स्थानों पर विशेष योग कैंव आयोजित किए जा रहे है।

## सीएम फ्लाइंग ने अनाज मंडियों में मारे छापे

# जुलाना-पिल्लूखेड़ा में दो फर्मों पर गेहूं का भरत मिला अधिक

सीएम फ्लाइंग ने इलेक्ट्रिक कांटे तथा गेहूं की बोरियों का किया वजन, जुलाना, पिल्लूखेड़ा, सफीदों, उचाना, नरवाना, अलेवा की मंडियों में दो टीमों ने दी एक साथ दस्तक


जींद। जांच करते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि



हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को जिले की जुलाना, पिल्लूखेड़ा, सफीदों, उचाना, नरवाना तथा अलेवा की अनाज मंडियों में छापेमारी की। इस दौरान खरीद एजेंसियों के अधिकारी तथा कर्मी भी मौजूद रहे। जुलाना तथा पिल्लूखेड़ा में दो फर्मों पर गेहूं का भरत मिला ज्यादा। जिन्हें मार्केट कमेटी ने नोटिस जारी करते हुए जुर्माना लगाया है। सीएम फ्लाइंग ने गेहूं बेचने आए किसानों के साथ भी बातचीत की और समस्याओ जाना। मंडियों के औचक निरीक्षण की रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि गेहूं सीजन मे अनाज मंडियों में गेहूं तोल में प्रयोग किए जा रहे इलेक्ट्रिक कांटों में खामी तथा बोरिया के वजन मे गड़बड़ की संभावना है। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग की दो टीमों का गठन किया गया। सीएम फ्लाइंग की एक टीम के उप निरीक्षक बिजेंद्र सिंह, चरण सिंह, सतपाल को जुलाना, पिल्लूखेड़ा तथा सफीदों की जिम्मेवारी सौंपी गई। जबकि दूसरी टीम के उप निरीक्षक पवन कुमार, कर्मबीर को उचाना, नरवाना तथा अलेवा की जिम्मेवारी सौंपी गई। कार्रवाई के दौरान दोनों टीमों ने खरीद-फरोख्त करने वाली एजेंसियों के अधिकारियों तथा कर्मियों को भी साथ लिया। जिसके बाद दोनों टीमों ने अपने इलाके की मंडियों मे दस्तक दी और गेहूं खरीद का जायजा लेते हुए तोल किए जा इलेक्ट्रिक कांटों को जांचा। साथ भरी गई गेहूं की बोरियो का वजन भी किया। टीम ने गेहूं बेचने आए किसानों की समस्यों को भी सुना। जुलाना में एक फर्म पर 200 ग्राम, पिल्लूखेड़ा में 150 ग्राम गेहूं बोरी मे ज्यादा पाया गया। मार्केट कमेटी द्वारा दोनों फर्मों को नोटिस जारी की जुर्माना किया गया है। जबकि सफीदों सही पाया गया। दूसरी टीम ने उचाना, नरवाना तथा अलेवा मंडियों में दस्तक दी। जहां पर सही पाया गया। सीएम फ्लाइंग द्वारा जिले की अनाज मंडियों की दी गई औचक दस्तक की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी गई है।

### अभियान जारी रहेगा

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन शर्मा ने बताया कि छह मंडियों में दस्तक दी गई थी। जुलाना तथा पिल्लूखेड़ा में दो फर्मों के तोल में दिक्कत थी। दोनों फर्मों को मार्केट कमेटी ने नोटिस दिए गए और जुर्माना लगाया गया है। गेहूं खरीद का सीजन चला हुआ है। गेहूं का वजन सही हो, तोल में प्रयोग किए जा रहे कांटे सही हों, इसको लेकर मंडियों में औचक दस्तक दी गई है। सीएम फ्लाइंग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नहीं आने देंगे परेशानी: सुरेश

- मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रहे अनाज मंडी चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


कैथल। चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार गेहूं सीजन को लेकर ड्यूटी देते हुए।

अनाज मंडी चौकी एएसआई इंचार्ज सुरेश कुमार गेहूं सीजन में मुस्तैदी के साथ डयूटी करते देखे जा रहे हैं। वे अपनी टीम के साथ सुबह से सायं तक अनाज मंडी का दौरा करते हुए व्यवस्था को चाक चौबंद बनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे गाडी और स्कूटी से सफर कर चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी न हो। चोरी व अनहोनी को लेकर वे समय-समय पर खुद अनाज मंडी का दौरा करते हैं। बता दें कि गेहूं की कटाई जोरों पर है और इसी क्रम में सुबह 4:00 बजे से ट्रालियां किसान ट्रालियां लेकर अनाज मंडी पहुंच जाते हैं। गेटों पर पुलिस कर्मी होमगार्ड, अपनी सेवा के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि सीजन के दौरान आढ़तियों व किसानों को किसी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया के मार्गदर्शन में वे अपनी डयूटी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं।

# अनाज के ढेरों ने तोड़ी दीवार

- मंडी प्रशासन ने आढ़ती को नोटिस भेजकर दो दिन में दीवार बनवाने के दिए निर्देश
- उठान कम होने पर खरीद एजेंसियों को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

जिलेभर की मंडियों में किसानों की गेहूं फसल पहुंचने का सिलसिला जारी है। खरीद सीजन शुरू होने से पहले लिफ्टिंग के आदेश लगातार दिए गए लेकिन सीजन शुरू होते ही दिशा-निर्देश धरे के धरे रह गए। मंडियों में बेहिसाब तरीके से गेहूं के ढेर लगवाए जा रहे हैंएजबकि प्रत्येक किसान की गेहूं को अलग-अलग उतरवाकर वजन व उठान करवाना होता है। मंडियों में लगे इन पहाडनुमा ढेरों के कारण जींद अनाजमंडी की लगभग 40 फीट लंबाई की दीवार टूट गई है। दीवार टूटने पर मार्केट कमेटी सचिव ने आढ़ती को दो दिन में गेहूं उठवा कर दीवार का निर्माण करवाने के लिए नोटिस भी दिया।

### समस्या को लेकर डीसी से मिली आढ़ती एसोसिएशन

पिल्लूखेड़ा मंडी की आढ़ती एसोसिएशन ने अनलोडिंग की समस्या के समाधान की मांग को लेकर डीसी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि पिल्लूखेड़ा मंडी से गेहूं विनोद पीजी जयपुर व प्रवीन पीजी हाट में जाता है। यहां पर अनलोडिंग के तीन-तीन ही प्वाइंट हैं। जबकि यहां पर 15-15 प्वाइंट होने चाहिए। इसके कारण यहां पर गाड़ियों से गेहूं उतारने में ज्यादा समय लगता है। प्रधान वेदपाल भनवाला ने बताया कि अगर यही हालात रहे तो मंडी से उठान हो पाना संभव नहीं होगा और किसानों को मंडी में गेहूं डालने के लिए जगह नहीं मिलेगी।

### आढ़ती को दिया नोटिस

मार्केट कमेटी सचिव संजीव कुमार ने बताया कि गेहूं की आवक एक सप्ताह में ज्यादा होने के कारण आढ़तियों की दुकानों पर ढेरियां लगी हैं। मंडी में जगह के मुताबिक व्यवस्थाएं करवाई जा रही हैं। मंडी की दीवार तोडने पर आढ़ती को नोटिस भेजकर दो दिन में दीवार बनवाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा खरीद एजेंसियों को भी नोटिस दिया है कि वह गेहूं का उठान जल्दी करवाएंए ताकि मंडी के हालात सामान्य हो सकें।

# अत्याचार का विरोध करेंगे: विहिप

- पश्चिम बंगाल हिंसा के विरोध में हिंदू समाज एकजुट : निर्मल

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद


राजौंद। बैठक में मौजूद विहिप कार्यकर्ता फोटो : हरिभूमि

विश्व हिन्दू परिषद राजौंद प्रखंड की बैठक कैथल रोड़ स्थित प्रखंड उपाध्यक्ष कुशल पाल राणा के आवास पर आयोजन किया गया। जिला उपाध्यक्ष एवं पालक राजौंद बीरभान निर्मल ने कहा कि अब समय आ गया हिन्दू समाज को पूरी तरह से एकजुट हो कर हमारे देश व विदेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों पर एकजुटता दिखा कर रक्षा का। अब तो हमारे लिए वो समय आ गया कि हम सब जातिय भेद भुलकर संगठित हों। पश्चिम बंगाल में हिंदू लक्षित हिंसा एवं राज्य सरकार की अकर्मन्यता पर दंगों द्वारा हिंदुओं का उत्पीड़न बड़े स्तर पर चल रहा है। हजारों की संख्या में पीड़ित हिंदू परिवार अपने ही राज्य में निर्वासित होने पर विवश हुए हैं। जिला सह मंत्री निशीकांत शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की किसी भी प्रकार की कार्यवाही हिंदू परिवारों की सुरक्षा निमित्त दृष्टिगत नहीं हुई है। ऐसी पक्षपाती सरकार के रहते हिंदू परिवारों के जीवन, सम्मान और सम्पति की रक्षा संभव नहीं है। ऐसी हिंदू विरोधी सरकार को निलंबित कर राष्ट्रपति शासन लागू करने से ही हिंदू समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा संभव है। हम चुप नहीं बैठेंगे अत्याचार का डटकर विरोध करेंगे। विश्व हिंदू परिषद सनातन धर्म और प्रताड़ित हिंदुओं के साथ खड़ी है! इस निमित्त यह निश्चय किया गया है ।

# सीएम 24 को साइक्लोथॉन को करेंगे रवाना

- सामाजिक, धार्मिक व अन्य संस्थाएं भी लें साइक्लोथॉन में भाग : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि नशामुक्त हरियाणा का संदेश देती हुई प्रदेश भर में चल रही साइक्लोथॉन यात्रा 23 अप्रैल को जिला में नरवाना, उचाना होती हुई जींद पंहुचेगी। इस यात्रा को 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। डीसी ने आह्वान किया कि इस यात्रा में सभी सामाजिक, धार्मिक व अन्य संस्थाएं बढ़चढ़ कर भाग लें ताकि नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पंहुचे। नशा मुक्त हरियाणा एक सामाजिक मुद्दा है। हम सब का दायित्व है कि इसे जन आंदोलन बनाकर युवा पीढ़ी को नशे की गिरफत में फंसने से रोकें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा लघु सचिवालय के सभागार में मैरिज पैलेस संचालकों, साउंड संचालकों, आईएमए, भ_l एसोसिएशन, ट्रक बॉडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ साइक्लोथॉन को लेकर बैठक कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि यह केवल एक साइकिल रैली नहींए बल्कि समाज में फैल रही नशे की बीमारी के विरुद्ध एक जन आंदोलन है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस सामाजिक मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए पूरे प्रदेश में साइक्लोथॉन के माध्यम से जन-जन तक नशा मुक्त हरियाणा का संदेश पहुंचाने का कार्य किया है। जिला से भी हजारों की संख्या में लोग साइक्लोथॉन में भाग लेंगे। जिला में साइक्लोथॉन के पहुंचने पर रास्ते में जगह-जगह पर स्वागत किया जाएगा।

### रात 10 बजे बाद डीजे बजाने पर पाबंदी

एसपी राजेश कुमार ने मैरिज पैलेस संचालकों तथा साउंड सिस्टम, डीजे संचालकों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर पाबंदी है। इससे पहले भी निर्धारित सीमा में डीजे चलाएं ताकि किसी अन्य व्यक्ति को तेज आवाज से असुविधा का सामना न करना पड़े। जिले में किसी भी विवाह स्थल या सार्वजनिक कार्यक्रम में रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में साउंड सिस्टम का प्रयोग न किया जाए।

# डिजिटल तकनीक का करें सही उपयोग : सिंह

- मिशन बुनियाद के तहत शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। मिशन बुनियाद में चयनित विद्यार्थी अधिकारियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली अड्डा में शुक्रवार को मिशन बुनियाद के तहत शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीटीएम गुरविंदर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। छात्र और छात्र और छात्राओं ने गीत, संगीत व नृत्य के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति का प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि शिक्षा ग्रहण करना एक तप है। वर्तमान में हमें डिजिटल तकनीक का सही ढंग से उपयोग करना चाहिए। वह विद्यार्थियों के साथ आए अभिभावकों व शिक्षकों को अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अभिभावक का अपने बच्चों के जीवन में अहम योगदान है। वहीं, शिक्षक देश का निमार्ता है जिसकी गोद में निर्माण व प्रलय पनपता है। उन्होंने कहा कि मिशन बुनियाद कार्य क्रम वर्तमान में प्रतिस्पर्धा के युग में विद्यार्थियों के लिए एक रामबाण है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन धारण करना चाहिए व लक्ष्य बनाकर नियमित पढ़ाई करनी चाहिए व विद्यार्थियों के माता-पिता से हरियाणा सरकार की ओर से चलाए जा रहे बुनियाद कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ लेने आह्वान किया। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी राम दिया गागट ने सीटीएम गुरविंदर सिंह को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कैथल नरेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सीवन सुरेश कैंदल, खंड शिक्षा अधिकारी कलायत मौजदू थे।

### नहीं होगी कोई दिक्कत

जिला विज्ञान विशेषज्ञ अनिल ने कहा है कि बुनियाद कार्यक्रम विद्यार्थियों की गणित व विज्ञान में नींव मजबूत करता है। जिससे विद्यार्थियों को आगे जाकर कोई समस्या नहीं होती बुनियाद कार्यक्रम के तहत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को चुनकर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वह सफलता के पथ पर अग्रसर हो सके।

# कैंपस ड्राइव में 36 छात्र चयनित

- पूंडरी के राजकीय आईटीआई में कैंपस ड्राइव का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी


पूडरी। आईटीआई पूंडरी में साक्षात्कार लेते हुए कंपनी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

पूंडरी के राजकीय आईटीआई में शुक्रवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, हरिद्वार प्लांट द्वारा कैंपस ड्राइव का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 43 छात्रों ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिनमें से 36 छात्रों का चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया का संचालन कंपनी की एचआर टीम के नेतरपाल और हिमांशु द्वारा किया गया। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी संदीप रविश ने जानकारी दी कि महिंद्रा एंड महिंद्रा बीते दो वर्षों में तीसरी बार इस संस्थान में कैंपस ड्राइव के लिए आई है। कंपनी के एचआर प्रतिनिधि नेतरपाल ने आईटीआई पूंडरी के छात्रों की तकनीकी दक्षता और रोजगार योग्य कौशल की सराहना की और इसे कंपनी के लिए लाभकारी बताया। संस्थान के प्रिंसिपल शमशेर सिंह ने कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ साझेदारी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और उनके समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आयोजन को सफल बनाने में प्लेसमेंट अधिकारी संदीप राविश के साथ अनुदेशक डॉ. दिनेश कुमार सिंधु का योगदान रहा।

# खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

- एसडीएम ने किया चीका अनाज मंडी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका


गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अनाज मंडी का दौरा करते हुए।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका अनाज मंडी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न खरीद एजेंसियों से रबी फसलों की खरीद, लिफ्टिंग और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि किसानों को गेहूं बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। उनकी फसल की खरीद और भुगतान समयबद्ध सुनिश्चित किया जाए। किसानों की फसल को निर्धारित एमएसपी पर खरीदा जाए।

मंडी में जाम जैसी स्थिति पैदा न होने दें। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं भी जानी। मौके पर मौजूद अधिकारियें को निर्देश दिए कि किसानों की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाए।

## विश्व लीवर दिवस पर विशेष: समय रहते समस्या को लेकर करें पहचान

# लीवर जरूरी अंग, ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी

- लिवर समस्या को लेकर खानपान का रखना चाहिए विशेष ध्यान : डा. विनिता

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


जींद। मरीजों की जांच करते हुए फिजिशियन डा. विनिता। फोटो : हरिभूमि

हर वर्ष 19 अप्रैल का दिल विश्व लीवर दिवस को समर्पित होता है। इस दिन लोगों को लीवर की देखभाल के लिए जागरूक किया जाता है। बावजूद इसके आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, जंक फूड, तनाव की वजह से लिवर संबंधित समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो हर दिन कई लोग अपच, लीवर समस्या को लेकर आते हैं। जिनके टैस्ट करवा कर उचित उपचार दिया जाता हे। ऐसे में विश्व लीवर डे का उद्देश्य यही है कि लिवर की सेहत आपके पूरे शरीर की सेहत से जुड़ी होती है। लीवर एक जरूरी अंग है और इसका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि लीवर न सिर्फ खाना पचाने और टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है बल्कि इम्युनिटी से लेकर एनर्जी स्टोर करने तक में अहम भूमिका होती है। लिवर की बीमारियां अक्सर बिना किसी लक्षण के धीरे-धीरे बढ़ती चली जाती हैं। जब तक हमें पता चलता है तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है। अगर आप ये सोच कर टेंशन फ्री हैं कि आप शराब नही पीते तो आपको लीवर की चिंता नहीं करनी चाहिए तो यह सोचना गलत है। लिवर के लिए शराब जितनी खराब है, उतनी ही हमारे लाइफ स्टाइल से जुड़ी गलतियां भी हैं। जो धीरे-धीरे लिवर को नुकसान पहुंचाती हैं। आजकल नॉन अल्कोहोलिक फैटी लीवर डिजीज बहुत बड़ी समस्या उभर कर सामने आ रही है।

### खानपान का रखना चाहिए विशेष ध्यान: डा. विनिता

नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि लीवर समस्या से बचाव को लेकर अपने खानपान पर ध्यान देना चाहिए। हरी पतेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए। हल्दी, लहसुन का प्रयोग करें। समय-समय पर लिवर की जांच करवाएं। बैलेंस डाइट लें, एक्सरसाइज करें और वजन काबू में रखें।